तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 दुर्गूकोंदल में मां दुर्गा की निकाली गई भव्य...





14 पखांजूर में दो अफसरों के मकान से लाखों...




## खबर संक्षेप

### महेंद्रपुर में गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान



**दुर्गुकोंदल।** सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी जयंती पर गुरुवार 2 अक्टूबर को वार्ड पंच, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों के साथ ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर गाँव के सड़क, नाले, दुकानों, समुदायिक भवन, बोरिंग और रंगमंच परिसर के आसपास सफाई किया गया। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदा सलाम एवं मीना उयके ने आसपास के दुकानदारों और निवासियों को स्वच्छता बनाए रखने अपील किया। वार्ड पंच शांता सलाम व नरसिंह उयके ने कहा यह स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के विचारों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है।

### डेम में डूबने से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** नहाने के दौरान मिर्गी आने से चारामा थानांतर्गत मयाना निवासी 19 वर्षीय दादू सिंह पोया का 30 सितंबर को मौत हो गया। मयाना निवासी अंकालू राम पोया ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने खेत में काम करने के लिए गया था। काम करने के बाद वापस घर आ रहा था। रास्ते में डेम में नहाने के लिए रूक गया। नहाने के दौरान मिर्गी आने से पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**पर्व :** विजयादशमी पर श्रीराम, श्रीलक्ष्मण और श्रीहनुमान के जयकारे की नाद गूंजी

# रावण, मेघनाथ व कुंभकरण का किया वध असत्य पर श्रीराम के पराक्रम की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विधायक आशाराम नेताम कार्यक्रम में हुए शामिल, किया रावण दहन

हिंदू धर्म में हर साल अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरे का त्योहार मनाया जाता है। इस दौरान देशभर में रावण के पुतले का दहन किया जाता है। हिंदू धर्म में दशहरे के त्योहार को बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर रोशनी की जीत का प्रतीक माना जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्री राम ने लंकापति रावण का वध किया था। इस बार बारिश हो जाने के कारण समिति को पानी से रावण को बचाने के लिए मशक्कत भी करनी पड़ी।

शहर के नरहरदेव मैदान में मुख्य दशहरा समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर को किया गया। बारिश के कारण समिति को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 6 बजे से लोक कलाकारों ने राम-रावण युद्र प्रसंग का प्रस्तुतीकरण किया। इसके बाद सबसे पहले मेघनाथ फिर कुंभकरण तथा सबसे अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ मैदान में भव्य आतिशबाजी किया गया। रावण दहन में शहर के अलावा गांव गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम चंवाड़ के लोक कलाकारों की टीम में राम-लक्ष्मण के साथ उनकी हनुमान, जामवंत सहित पूरी सेना थी, वहीं रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकरण सहित राक्षसों की पूरी सेना थी। पूरे शहर ▶▶| शेष पेज 12 पर



### रावण दहन को लेकर मान्यता

रावण दहन को लेकर यह मान्यता है कि सोने की लंका का सम्राट रावण अस्त्र-शस्त्रों का पारंगत, तपस्वी और प्रकांड विद्वान तथा राजधर्म का ज्ञाता था। कहा जाता है कि रावण अपने दस सिर से 10 दिशाओं पर नियंत्रण कर सकता था। रावण ने ब्रह्माजी की 10 हजार वर्षों तक तपस्या की और हर 1,000वें वर्ष में उसने अपने 1 शीश की आहुति दी, इसी तरह जब वह अपना 10वां शीश चढ़ाने लगा तो ब्रह्माजी प्रकट हुए और रावण से वर मांगने को कहा। रावण ने ब्रह्माजी से ऐसा वर मांग लिया की उसे मारना मुश्किल था। चारों वेदों और 6 उपनिषदों का ज्ञान रखने वाले रावण पर जब राम ने विजय प्राप्त की तो इसे विजयादशमी कहा जाने लगा। जिसे विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। रावण का सर्वनाश उसके क्रोध और अहंकार के कारण हुआ। राम ने जब रावण का वध किया, तो इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के तौर पर देखा गया। इसी वजह से बुराई रूपी रावण के पुतले के दहन की परंपरा हर साल निभाई जाती है।

### दशहरा हमें धैर्य और साहस से जीने की प्रेरणा देता है : नेताम

*विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि विजयदशमी सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः जीत सदैव अच्छाई और सत्य की ही होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने इस दिन रावण का वध कर अधर्म का अंत किया था और मां दुर्गा ने इसी दिन महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि जीवन में धैर्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलते हुए हर प्रकार की कठिनाई और बुराई पर विजय पाई जा सकती है।आज के समय में विजयदशमी का संदेश हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों, अन्याय और अज्ञान का नाश करने के लिए प्रेरित करता है। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने घर, गांव और समाज में सत्य, अहिंसा और भाईचारे का मार्ग अपनाएँगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि इस पावन पर्व पर सभी लोग आपसी भाईचारा, सद्भाव और शांति बनाए रखें। विधायक ने यह भी कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व हमें समाज और राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। अंत में उन्होंने सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माता दुर्गा और प्रभु श्रीराम की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। विजयदशमी का यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करे।*

## क्रेन आपरेटर की लापरवाही से हुए हादसे में हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतमाला परियोजना के तहत बासनवाही में वायडक्ट -03 लोकेशन में लगभग डेढ़ माह पहले क्रेन के आपरेटर की दबने से मौत हो गई। शिकायत पर मर्ग कायम कर विवेचना किया गया, जिसमें क्रेन चालक की लापरवाही उजागर होने पर मृतक चालक पर मामला दर्ज किया गया। विवेचना में पुलिस ने पाया कि 18 अगस्त 2025 को भारतमाता रोड परियोजना अन्तर्गत ग्राम बासनवाही में वायडक्ट- 03 लोकेशन में ब्रीज (पुलिया) बनाने का काम चल रहा था, जिसमें हेवी लोड सेट्रींग उतारना था। 20 टन हाईड्रोलिक मोबाईल केन वाहन कमांक सीजी 19 बीव्ही 3164 को पवन पंडित आपरेट कर रहा था, वहां पर सामान को उतारने का काम हो रहा था और दो क्रेन काम कर रहे थे। जब 50 टन क्रेन का बेल्ट काम करने के दौरान फंस गया, तब दोनों क्रेन ऑपरेटर को सुरक्षा अधिकारी एवं सीनियर इंजिनियर द्वारा तुरन्त रोक कर काम करने से मना किया गया। इसके बावजूद चालक पवन पंडित सुरक्षा अधिकारियों के मना करने के बावजूद भी मै क्रेन को हिलाकर फंसे हुये बेल्ट को निकाल दूंगा कहकर क्रेन के केबिन से निकल झांकने लगा और मना करने पर भी क्रेन के बूम को आगे-पीछे करके बार-बार हिला कर फंसे हुए बेल्ट को निकालने की कोशिश करने लगा।

चालक पवन पंडित द्वारा 20 टन हाईड्रोलिक मोबाईल क्रेन को लापरवाही पूर्वक चलाने से 50 टन क्रेन का फंसा हुआ बेल्ट अचानक टूटने से, स्टेक्चर का भार 20 टन का क्रेन में आने से 20 टन क्रेन पलट गया, जिसमें चालक पवन पंडित की क्रेन के नीचे दबने से मृत्यु हो गई। मृतक की मृत्यु 20 टन क्रेन को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने से आई चोटों कर ईलाज के दौरान होना पाया गया। मृतक वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## रियासतकाल से राजपरिवार विजय दशमी पर देवी-देवताओं की पूजाकर करते हैं सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के पैलेस में देव पूजा व देव मिलन समारोह का आयोजन हुआ,

- पैलेस में परंपरागत ढ़ंग से पूजा और देव मिलन समारोह हुआ



जिसमे कई गांवो से देवी देवता पहुंचे। पैलेस को एक दिन के लिए आम जनता के लिए खोला गया था। पैलेस में पहुँची आमजनता ने राज महल में रखी सामग्रियो का अवलोकन किया। राज परिवार ने सभी देवी देवता का पूजन किया।

विजयदशमी के दिन देव पूजा व देव मिलन समारोह का आयोजन राजमहल में किया गया, जिसमें विजयदशमी के दिन 2 अक्टूबर की सुबह से दूरस्थ गांव से देवी देवता बाजा गाजा के साथ पहुंचना शुरू हो गए थे और सुबह 11 बजे तक देवी देवता, गायता, पुजारी, भगत, सिरहा के साथ पहुंचते रहे। विजय दशमी को दोपहर को राजपरिवार के सदस्यों के द्वारा पूजा राजमहल में पहुँचे सभी देवताओं का पूजापाठ किया गया। बहीगांव, सोनकुवर, कोमालदेव, माकड़ी, अंजनी, लेंडारा, गढ़बासला, चेमल, गाड़ागौरी, बारदेवरी, पलेवा, सोनकुवर, भावगीर नवागांव से देवी देवता और कांकेर शहर के देवी मंदिर से आगा देव व अन्य देवता पहुंचे थे। सभी देवी देवताओ का महाराधिराज डॉ. आदित्य प्रताप देव सहित राजपरिवार के अश्वनी प्रताप देव व सभी सदस्यों ने पूजा विधि विधान से ▶▶| शेष पेज 12 पर



### गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**कोरर।** पं. लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर अंतर्गत शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 180 डोंगरगांव में गांधी चौक में उपस्थित होकर गांधी प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर महात्मा गांधी अमर रहे एवं पं लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारों के साथ याद किया और उनके कार्यो पर चर्चा भी किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, नरेंद्र शर्मा, चउथ राम उईके, शंकर लाल यादव, रोहित साहू, छबिलाल साहू, सेवक राम गावडे, मोहन कुंभकार, राजेश पांडे, कुबेर कोसमा, पीलाराम यादव, सोनसाय कवाडे, विशेष पटेल, रोहित यादव, बृजलाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## इलाज के बाद स्वस्थ महिला नक्सली को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

टेकापानी-बड़गांव मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल महिला नक्सली को गोली लगने से संगठन को छोड़कर ईलाज के लिए भटक रही थी, तभी पुलिस ने दबोच लिया और मानवीयता दिखाते हुए उसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने स्वस्थ्य होने की जानकारी देने पर 1 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। गिरफ्तार महिला नक्सल सदस्य पर एक लाख रुपए का ईनाम घोषित है। जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को थाना कोयलीबेडा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बड़गांव-टेकापानी के जंगलो में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में महिला नक्सली सदस्य रेशमा हिचामी पिता पाडगे हिचामी उम्र 20 साल निवासी ग्राम कोरंजेड़ थाना मददेड़ जिला बीजापुर शामिल थी। रावघाट एरिया कमेटी अंतर्गत रावघाट एलओएस सदस्य के रूप मे सक्रिय थी। मुठभेड़ के दौरान महिला नक्सली रेशमा हिचामी घायल हालत में फरार हो गई थी, जिसें 26 सितंबर को पुलिस-बीएसएफ संयुक्त टीम द्वारा थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम आठखड़यिपारा से पकड़ा गया। महिला नक्सल सदस्य घायल होने से जिला अस्पताल कांकेर मे उपचार कराया गया। चिकित्सक की रिपोर्ट एवं महिला नक्सल सदस्य का स्वास्थ्य ठीक होने पर 1 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।



### नक्सली संगठन में 2021 में हुई थी शामिल

जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग के तत्कालीन आईजी एसआरपी कल्लूरी ने ऐसा दबाव बनाया था कि नक्सल संगठन से जुड़ने के लिए आदिवासी युवा डरने लगे थे और नक्सली भी पूरी तरह से बैकफुट में थे। कई संगठन एवं राजनैतिक नेताओं ने तत्कालीन आईजी को हटाने के लिए आंदोलन पर उतर गए थे। तत्कालीन आईजी के स्थांतरण के बाद 2021 एवं 2022 में नक्सलियों ने बस्तर संभाग से लगभग 1000 युवकों को इस गंदगी में ढकेल दिया। सवा साल की सरकार में यह युवा लगातार समर्पण के लिए सामने आ रहे है। गिरफ्तार महिला नक्सली भी 2021 में शामिल हुई थी और 2023 में कांकेर जिला के रावघाट कमेटी में कार्य करना शुरू किया था।

## बौद्ध समाज ने विजया दशमी पर भगवान बुद्ध की वंदना की

**चारामा।** चारामा में बौद्ध समाज के द्वारा कोरर चौक में स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहेब अम्बेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना किया गया। तत्पश्चात नगर के बस स्टैंड में नगर पंचायत के अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध की छाया चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना किया गया। नगर पंचायत के अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली और बाबा साहेब अंबेडकर के शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रेखा मेश्राम द्वारा मिष्ठान एवं फल वितरण किया गया एवं बौद्ध समाज के दिनेश गजभिए, विकास मेश्राम, अनिल खोबरागड़े, रेखा रामटेके, नागेश भोवते चंद्रिका बारसागढ़ें, सुहानी बारसागड़े, कोमल मेश्राम, कुश मेश्राम, राष्टपाल ▶▶| शेष पेज 12 पर



**डीएसपी समेत अधिकारी कर्मचारी हूए शामिल**

## विजयादशमी पर पुलिस लाइन समेत जिले के थानों में हुई शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शक्ति, साहस और शौर्य के पर्व विजयादशमी के अवसर पर कांकेर जिले की पुलिस लाइन और समस्त थानों में परंपरा अनुसार शस्त्र पूजन का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। विजयदशमी को जहां एक ओर रावण दहन और अच्छाई की बुराई पर जीत के प्रतीक रूप में जाना जाता है, वहीं यह दिन सुरक्षा बलों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। इस दिन पुलिस और अर्द्धसैनिक बल अपने हथियारों की पूजा कर उन्हें शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में मान्यता देते हैं। कांकेर पुलिस विभाग ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पुलिस लाइन, थाना परिसरों तथा विशेष सुरक्षा बल की टुकड़ियों में सशस्त्र पूजा की किया गया। कांकेर जिला पुलिस लाइन में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल रहा। परिसर को सजाया गया, तोरण द्वार बनाए गए और पूजा स्थल पर फूलों की सजावट की गई। पूजा आरंभ होने से पहले सभी हथियारों को साफ-सुथरा कर उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित किया गया। आधुनिक राइफलें, पिस्तौल, स्टेनगन, इंसास राइफल, एलएमजी, कार्बाइन, वायरलेस सेट, दंगा नियंत्रण उपकरण आदि सभी को पूजा स्थल पर रखा गया। स्थानीय पंडित ने विधि-विधान से पूजन करवा कर देवी दुर्गा की आराधना की। मंत्रोच्चार के बीच सभी पुलिसकर्मियों ने एक साथ शस्त्रों का अभिषेक किया और आरती उतारी। नारियल फोड़कर शस्त्रों का शक्ति प्रतीक के रूप में सम्मान किया गया। इस पूजा में डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे एवं डीएसपी योगेश साहू, रक्षित ▶▶| शेष पेज 12 पर

### धर्म और न्याय की रक्षा का उपक्रम

पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने विजयदशमी के अवसर पर अपनी जिलेभर की पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को संदेश दिया कि शस्त्र केवल आक्रमण के लिए नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा और शांति की स्थापना के लिए होते हैं। विजयदशमी हमें यह संदेश देती है कि हमें अपने शस्त्रों का प्रयोग केवल धर्म और न्याय की रक्षा के लिए करना चाहिए। विजयदशमी हमें सिखाती है कि हमें हर बुराई का डटकर मुकाबला करना चाहिए। पुलिस बल का मुख्य उद्देश्य भी यही है समाज में फैली बुराई, अपराध और आतंक को समाप्त कर शांति की स्थापना करना।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप



### महिला बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर।** रजत महोत्सव के तहत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान में शहरी स्वास्थ्य टीम ने केंद्रीय कारागार का भ्रमण किया। टीम ने कारागार के महिला कोष्ठ में बंद 52 महिला बंदियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया।

यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि जेल में बंद महिलाओं को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और परामर्श मिल सके। स्वास्थ्य टीम ने बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य की सामान्य जाँच की, आवश्यक चिकित्सा सलाह और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा ताकि महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सके और वे ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' की संकल्पना को साकार करने में सहयोग दे सकें।

### लाल चर्च के पास नाली का कराया साफ सफाई



**जगदलपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरूवार को महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में उनसे प्रेरणा लेकर हेल्पिंग हैड टीम के सदस्यों ने लाल चर्च के पास नाली को साफ करने की ठानकर बरसते पानी में साफ सफाई की गई। लाल चर्च की बाजू की गंदगी भी दूर हो गई पेड़ों को बढ़ने का अवसर मिल गया। इस श्रमदान एवं नाली की सफाई में प्रमुख रूप से रत्नेश बेंजामिन, प्रशांत, लवली जॉन, इमानुएल बाघ, अविनाश बाघ, बेनी फर्नांडीज, शैलेश नाग, स्वीटी, अजय सिंह ने सहयोग दिया और प्रण लिया गया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान में भाग लेते हुए हर महीने के दूसरे शनिवार को यह सफाई अभियान जारी रहेगा।

## दिवस : महात्मा गांधी के त्याग और बलिदान को याद किया और पुष्पांजलि अपर्ति की

# गांधी जयंती पर ग्रामसभा में हुए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



आदि कर्मयोगी सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोंडे के अंतर्गत ग्राम गुमड़ी डीहि में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर ग्राम भा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त जन समुदाय की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, गांधी विचारों पर चर्चा और ग्राम विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। महिला शक्ति की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्यावत्ती गुना, अनिता कोमरे, गंगेश्वरी कोयला, गेशवरी जैन सहित अनेक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्राम सभा में ग्रामवासियों ने एकजुट होकर महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया और सामाजिक सद्भाव, ग्राम विकास एवं स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से तय किया कि गांधी की सीख स्वच्छता ही सेवा को गांव-गांव तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधी के विचारों को आज के समाज में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि ग्राम विकास की असली ताकत सामूहिकता और सेवा भावना में है। ग्रामसभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। ग्राम गुमड़ी डीहि में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामवासियों की एकजुटता और गांधीजी के आदर्शों के प्रति निष्ठा का प्रतीक बनकर सामने आया। ग्राम सभा में जनपद सदस्य धनसार हुर्रा, सरपंच प्रेम पूड़ो, उपसरपंच शंकर जैन, कमला सोनवानी, श्रीराम पूड़ो, प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, प्रधान अध्यापक लेखराम टांडिया, पीठासीन अधिकारी शामसाय कोमरा, सचिव सत्यवती मरकाम, पंच दयाबती गुना, जुर्री पंच हीरो बाइक, सोनार पूड़ो, गायता फगगु पूड़ो, प्रभु राम पटेल, कचरूराम टेकाम, छब्बीलाल जैन, रामुराम जुरी, श्रवण जैन, विजय मरकाम रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



### जयंती पर गाँधी व शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की

**भानुप्रतापपुर।** ब्लॉक काँग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के द्वारा गाँधी एवं शास्त्री की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता बापू गाँधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों जो आज के परिवेश में भी प्रासंगिक हैं तथा देश के लिए उनकी उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, जनपद अध्यक्ष सुना तेता, परिवहन संघ अध्यक्ष रिम्पी ढींढसा, किसान काँग्रेस प्रदेश महामंत्री मुकेश चंद्राकर, सेवादल अध्यक्ष जितेंद्र बेंजामिन, हितेश तिवारी, निकेश ठाकुर, सीमा सेनगुप्ता, गोपाल राठी, संजय मेहता, पार्षदगण भगवान सिंह कुंजाम, नरेंद्र कुलदीप, रवि दुग्गा, वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य काँग्रेसी उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान, दिया स्वच्छता का संदेश



**दुर्गुकोंदल।** सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम राऊरवाही में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनपद सदस्य पीलम नरेटी के साथ कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मिलकर गाँव के सड़क व बोरिंग पंचायत भवन परिसर के आसपास की सफाई किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने गांधी के स्वच्छता ही सेवा के संदेश को दोहराया और ग्रामवासियों से साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने की अपील की। सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान करते हुए ग्रामवासियों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। नरेश कोमरा ने कहा कि जिस प्रकार गांधी ने स्वतंत्र भारत का सपना देखा था, उसी प्रकार सभी को मिलकर स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देना होगा। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज के विकास का आधार है। गांधी ने स्वच्छता को आजादी से अधिक महत्व दिया था। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने गांव, शहर और देश को स्वच्छ बनाने के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे सामुदायिक भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बोरिंग, सड़क और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की, जिससे गांधीजी के विचारों को सम्मान देने का संदेश दिया गया।इस अभियान में भीम कोमरा, तुला कोमरा, मनोहर कोमरा, पपीत गावडे, शरद शोरी, चेतन कोमरा, प्रताप गावडे, भारत निषाद शामिल रहे।

### पेंशनर कर्मचारियों ने मनाई गांधी जयंती



**चारामा।** वाचनालय भवन छत्तीसगढ़ कर्मचारी पेंशनर तहसील शाखा चारामा के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पेंशनरों द्वारा खादी चुने, स्वदेशी को बढ़ावा दें की संकल्प लेते हुए गांधी के अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए एवं शास्त्री के जन्म जयंती पर देश के लोगों की मेहनत से बनी वस्तुएं खरीदना ही गांधी और शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और इसके साथ ही मासिक बैठक का भी आयोजन, जिसमें विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए वर्ष 2025 में सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को गुलालचंदन लगाकर सदस्यता ग्रहण करवाया। बैठक में शिव प्रसाद नेताम को संभागीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत हुआ। बैठक में तहसील शाखा अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव शेखू राम नागराज, डीपी साहू, एनआर धनकर, एसपी नेताम, एनआर साहू, लक्ष्मण कश्यप, भोज राम जैन, जोहत कश्यप, आर डांडिया और शिव प्रसाद सलाम उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर रिसेवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**नरहरपुर।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में महात्मा गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के समस्त बुजुर्ग, सियान, बच्चे एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात ग्राम रिसेवाड़ा पीपल चौक में पूर्व उपसरपंच सुरेश पटेल के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पीपल चौक पर रामलीला, लंका कांड, विजयादशमी पर रावण–राम युद्ध, एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस आयोजन में खेलन राम पटेल, रिकेश्वर पटेल, कमलेश कौशिक, भुवन पटेल, विमान पटेल, बगेंद्र पटेल, दशरथ पटेल, यश पटेल सहित समस्त ग्रामीणों ने मिलकर योगदान दिया। इस अभियान में ग्राम के कोटवार बाला दास मानिकपुरी, बच्चों को प्रोत्साहित करने वाले सुरेंद्र पटेल, रामेश्वर यादव, बृजलाल जैन, रेखुराम पटेल, सुरेश पटेल, अनित पटेल सहित कई ग्रामीणों का योगदान रहा। बच्चों में सागर पटेल, खिलेश पटेल, जानू मानिकपुरी, यीशु मानिकपुरी, निशा मानिकपुरी तथा नौजवानों में प्रकाश पटेल, थानुराम पटेल, छनाराम पटेल, जगदेव मांडवी आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### गांधी जयंती आत्मानंद स्कूल के बच्चों को दिया सत्य और अहिंसा का संदेश

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुर्गुकोंदल में प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुई। प्राचार्य अजय नेताम ने छात्रों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। प्राचार्य ने बच्चों से आव्हान किया कि वे गांधी के जीवन से प्रेरणा लें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। गांधी जयंती पर विद्यालय परिवार ने स्वच्छता का संकल्प भी लिया। शिक्षक और विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम का वातावरण शिक्षाप्रद और प्रेरणादायी रहा। गांधी के आदर्शों के साथ पौधारोपण ने समाज और बच्चों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, रघुनाथ मंडावी, मनोज दुग्गा, वीरेंद्र जैन, सीएफओ रामचरण नेगी, दीपक पूड़ो, विद्यालय परिवार से दिलीप सेवता, मनीष गौतम तथा बड़ी छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### सीताराम शिवालय में महिलाओं ने की शस्त्र पूजा...



**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुगार्वाहिनी द्वारा जिले के कई प्रखंडों के साथ दुर्गा पंडालों में जाकर शस्त्र पूजन किया गया। सीताराम शिवालय में भी शस्त्र पूजा की गई। जहां बड़ी संख्या में महिलाये उपस्थित रही। इस अवसर पर मातृशक्ति संयोजिका सुशीला साव ने कहा कि शस्त्र पूजन का मुख्य उद्देश्य हमारी बहनों,बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र उठाना व चलाना सीखना है। जिससे समय आने पर वो अपनी रक्षा के साथ दूसरों के लिए सुरक्षा कर सके। इसके लिए मातृशक्ति समय समय पर कार्यक्रम भी चलाती है। हमारा आधार ही सेवा,सुरक्षा और संस्कार है। इस अवसर पर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष जबिता मंडावी समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

### एनसीसी और एनएसएस ने कुम्हरावंड में किया स्वच्छता श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 9 सीजी एनसीसी के कैडेट्स और कृषि महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाया। इस अवसर को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक दायित्व के रूप में मनाते हुए युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।

यह संपूर्ण कार्यक्रम कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर एस नेताम के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस प्रभारी आरआर कंवर और सूबेदार मिथलेश द्विवेदी की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का संदेश देते हुए सबसे पहले महाविद्यालय परिसर से ग्राम कुम्हरावंड तक एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के समापन के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

स्वयंसेवकों ने ग्राम कुम्हरावंड के पंचायत भवन की व्यापक साफ-सफाई का कार्य किया जिसमें भवन के अंदर और बाहरी परिसर को स्वच्छ बनाया गया। इस श्रमदान के माध्यम से युवाओं ने स्वच्छता ही सेवा है के महात्मा गांधी के विचार को व्यवहार में उतारा।

## प्रारंभिक संघर्ष को पारकर बड़े संस्थान की ओर बढ़ रहे विवि के कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बुधवार को शहीद महेंद्र विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विवि के प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित विचार,सुझाव,अनुभव व संस्मरण साझा कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि के अधिकारी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे। सभी ने बस्तर की संस्कृति के अनुसार मिल-जुलकर विवि के उत्तरोत्तर विकास के लिए काम करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि हम बड़े विवि की ओर बढ़ रहे हैं। यह विवि अपना प्रारंभिक समय और संघर्ष को पार कर लिया है। उच्च शिक्षा विभाग से नए विभागों की स्वीकृति लेकर न केवल उसे सफलतापूर्वक स्थापित किया है बल्कि मेरू विवि के मानदंडों को पूरा करने की ओर भी विवि अग्रसर है। विवि ने नए पाठ्यक्रमों के प्रारंभ करने के साथ-साथ बिल्डिंग जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर,विभिन्न पदों पर नियुक्ति जैसे विभिन्न सीढ़ियों को छू लिया है।

## गृह निर्माण मंडल की संपत्तियों को फ्री-होल्ड करने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने गृह निर्माण मंडल (सीजीएचबी) की संपत्तियों को फ्री-होल्ड करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

- बोधघाट कालोनी के हितग्राही रहे परेशान



इस फैसले के तहत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन किया गया है, जिससे मंडल को 31 अक्टूबर 2024 तक आबंटित सभी भूमियों को लैंड डायवर्सन (भू-उपयोग परिवर्तन) से मुक्त कर दिया गया है। अब इन संपत्तियों को आवासीय रूप में फ्री-होल्ड करना आसान होगा और राजस्व अभिलेखों में नामांतरण की प्रक्रिया सरल हो जाएगी। 26 नवंबर 2024 को मंत्रि परिषद की बैठक में लिए गए इस निर्णय को 22 सितंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया। संशोधन के अनुसार, मास्टर प्लान में गैर-कृषि उपयोग के लिए आरक्षित भूमियों को भू-उपयोग परिवर्तन की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। पहले, फ्री-होल्ड के बाद भी राजस्व रिकॉर्ड में भूमि का उपयोग कृषि या शासकीय के रूप में दर्ज रहता था, जिसके कारण हितग्राहियों को जटिल प्रक्रियाओं और प्रीमियम, भू-राजस्व, अधोसंरचना उपकर, पर्यावरण उपकर जैसे वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ता था। बताया जा रहा है कि छोटे और बड़े जंगल की जमीन में हाऊसिंग बोर्ड ने वर्ष 1971 यानि 54 वर्ष पूर्व में संभागीय मुख्यालय जगदलपुर स्थित बोधघाट में मिश्रित आवासीय योजना से कालोनी बनाकर लगभग 300 मकान बेचा। इस कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड नहीं हो सका और सभी मकान लीज में हैं। हितग्राही जब मकान बेचने पर लीज रिनीवल कराया जाता था, अब नए निर्णय से कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड हो सकेगा।

### मिलेगी राहत

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि नए आदेश से हितग्राहियों को इन सभी वित्तीय और प्रशासनिक बाधाओं से राहत मिलेगी। मंडल ने ऐसी संपत्तियों पर फ्री-होल्ड प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी, जिनका धारणाधिकार कृषि या शासकीय था।

### कहीं पेड़ के नीचे तो कहीं पंचायत भवन में हुई विशेष ग्राम सभा

**जगदलपुर।** महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर 2 अक्टूबर को बस्तर जिले के ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का विशेष आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन उनके ग्राम स्वराज्य के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ग्राम सभाओं में स्वच्छता, जल संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और विकास कार्यों जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की गई।

पेज 11 के शेष...

### रावण, मेघनाथ व...

का भ्रमण करते लोक कलाकार नरहरदेव मैदान पहुंचे, यहां शाम 6 बजे से उन्होने राम रावण युद्ध प्रसंग का प्रस्तुतीकरण किया। लोक कलाकारों की प्रस्तुती को दर्शकों ने बेहद सराहा। इसके बाद विधिविधान से रावण का पूजन किया गया। सबसे पहले मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। सबसे अंत में 50 मीटर दूरी से रावण की नाभि में इलेक्ट्रानिक सिस्टम से तीर से वार किया गया। इसी तीर से रावण के पुतले का दहन हुआ। रावण के पुतले के दहन के साथ ही मैदान में आतिशबाजी की गई। मैदान में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करते पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे तथा बेरिकेटिंग की गई थी।

### रियासतकाल से राजपरिवार...

किया और पुजारी, भगत, गायता व सिरहा सहित अन्य लोगो का आदर सत्कार कर आवभगत किया गया। पैलेस में राजपुरोहित पंडित राकेश शर्मा ने पूजा करवाया। केशकाल क्षेत्र से लोक नृतक दल भी पहुंचा था, जिन्होने लोक पारंपारिक वाध यंत्र के धुन में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महराजाधिराज डा. आदित्य प्रताप देव ने कहा कि रियासताकीन समय में देवी देवताओ की पूजा कर सम्मान देने की परंपरा राजपरिवार की है, जो आज भी कायम है। यह परंपरा हमेशा कायम रहेगी। इस अवसर पर शिक्षक केएन गजबल्ला ने कांकेर पैलेस के साथ राजपरिवार के संबध में ऐतिहासिक जानकारी से आम जनता को अवगत करवाया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

### बौद्ध समाज ने विजया...

कन्हेकर, संजीवन मेश्राम, नवनाथ बारसाग़डे, पृथ्वी रामटेके, शीतल राउत, बेबीनंदा मेश्राम, नीतू काबडे, ममनोरमा गजभिए, निर्मला बोरकर, प्रफुल्ला खांडेकर, हेमराज रामटेके, संगारत्न खोबरागड़े, समस्त उपासक एवं उपासिका उपस्थित रहे।

### विजयादशमी पर पुलिस...

निरीक्षक गोविंद वर्मा सहित पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। जिले की शांति, समृद्धि एवं सभी पुलिसकर्मियों की सुरक्षा की कामना की गई। इसके पश्चात थाना कांकेर, नरहरपुर, चारामा, कोरर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं अन्य सभी थाना में सुबह 11 बजे शस्त्र पूजन हुआ। कोतवाली थाना में सशस्त्र पूजा के दौरान थाना प्रभारी मनीष नगर के साथ एसआई सुरेन्द्र मानिकपुरी, रामेश्वर चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक सुरेश भुआर्य, महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोंपी, कोमेश्वरी मानिकपुरी, समा ठाकुर, आरक्षक गजेन्द्र नागवंशी, लीकेश्वर साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के दौरान सभी अधिकारियों एवं जवानों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शक्ति एवं मां दुर्गा के आशीर्वाद की प्रार्थना किया। पुलिस लाईन में अधिकारियों ने हवाई फायर भी किया। विजयदशमी के अवसर पर कोतवाली में कई आंगा देव भी पहुँचे, जिनका थाना के अधिकारियों द्वारा स्वागत व ससम्मान किया गया।

# स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम है : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी तोकापाल मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय भाजपा कार्यालय परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने हाथों से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि यह राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम है। गांधी जी का सपना था कि भारत स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर बने। आज उनके सपनों को साकार करने की दिशा में यह छोटा सा कदम भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए भागीदारी निभाई। लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक गोयल ने कहा, "शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का मंत्र देकर देश की आत्मा को आवाज दी थी। आज हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज व राष्ट्र निर्माण में भाग लेना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एवं अन्य प्रकोष्ठों के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन गांधी-शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।भाजपा तोकापाल मंडल द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी दिनों में भी सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाएगा, जिससे आम जनता लाभान्वित हो सके।

### सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान एवं गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए कार्यक्रम



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, जिला पंचायत सदस्य पद्मनी कश्यप , जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चन्द्रकान्ता भण्डारी , मण्डल महामंत्री मेघराज ठाकुर, मुन्ना कश्यप, बन्टी ठाकुर , निहान्शु सिंह एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### झाड़ू लगाकर की स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**दरभा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी दरभा मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम दरभा ब्लॉक के छिंदावाड़ा पंचायत क्रमांक 1 के रामपाल मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप एवं जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद पीडी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने हाथों से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ,अनंत कश्यप,दलपत राय, पिछड़ा मोर्चा थलेश सेठिया, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, नारायण कुरानी मुन्नू सिंह, महेश बघेल, रामेश्वर नाग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व जिला शिक्षाधिकारी को दी विदाई

**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में जिले के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबष्ट को भावपूर्ण विदाई दी गई। शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव, निष्ठा और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "स्थानांतरण और पदस्थापना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है बदलाव प्रकृति का नियम है। यदि सभी शिक्षक कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें तो दंतेवाड़ा की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया जा सकता है। इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने कहा कि अंबष्ट सर ने सदैव शिक्षक समाज की भावनाओं को महत्व दिया और पारदर्शी कार्यशैली से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाए।

### ग्राम सभा ने पर्यटन प्रबंधन पर लिया निर्णय

**लोहंडीगुड़ा।** चित्रकूट जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा की ग्राम सभा ने पर्यटन स्थल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है। यह निर्णय संविधान की पाँचवीं अनुसूची एवं पेसा ऐक्ट 2022 के अंतर्गत लिया गया है, जिसके तहत ग्राम सभा को सर्वोच्च निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है।
ग्राम पंचायत चित्रकूट की 11 अगस्त को हुई विशेष ग्राम सभा में स्थानीय पर्यटन स्थल पर शुल्क व्यवस्था, स्वच्छता प्रबंधन एवं नामांकन संचालन के लिए नई समिति गठित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

### बंग सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन ने किया दुर्गा पूजा का आयोजन

# बंग समुदाय की महिलाओं ने सिंदूर खेला में मां को किया विदा

हरिभूमि न्यूज : किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल के बंगाली कालोनी में बंगाली समाज द्वारा 62वां वर्ष की बंग सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन ने सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा का आयोजन किया बंग समुदाय, दुर्गा पूजा के पांच दिन, षष्ठी से दशमी तक मां दुर्गा को मायके आई हुई बेटी के रूप में पूजा जाता है। दशमी के दिन माना जाता है कि मां दुर्गा अपने पति भगवान शिव के पास कैलाश लौट जाती हैं। इसलिए यह दिन एक ओर खुशी का होता है कि बुराई पर अच्छाई की विजय हुई, तो दूसरी ओर वियोग का भी होता है क्योंकि माँ अपने भक्तों को छोड़कर चली जाती हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा को डोल-नगाड़ों, ढाक और शंख की गूँज के साथ शोभायात्रा में ले जाया जाता है। जयघोष और नृत्य के बीच भक्त मां को विदाई देते हैं। जल में विसर्जन से पहले हर कोई देवी के चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद मांगता है।

विसर्जन के उस क्षण में भक्तों की आँखें नम हो जाती हैं, मानो अपनी ही बेटी को ससुराल विदा कर रहे हों। यह क्षण बंगाली समाज की गहरी भावनाओं और आस्था का जीवंत चित्र है।



बंगाली समुदाय की महिलाओं द्वारा दुर्गा पूजा के विजयदशमी के दिन सिंदूर खेला की रस्म निभाकर माँ दुर्गा को नम आंखों से विदा दी , यहां परंपरा 400वर्षों से भी पुरानी है , शादीशुदा महिलाएँ माँ को सिंदूर अर्पित करती हैं और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने और अपने परिवार के लिए सौभाग्य, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं. यह रस्म माँ के मायके से ससुराल लौटने के रूप में देखी जाती है और यह पति के लंबी आयु के आशीर्वाद के लिए की जाती है।

### रस्म का महत्व

सुहाग का प्रतीक सिंदूर को सुहाग और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माँ दुर्गा को भी सुहागिन का रूप मानकर उनकी विदाई के समय महिलाएं उन्हें सिंदूर लगाती हैं, ऐसा विश्वास किया जाता है कि ऐसा करने से उनके सुहाग की उम्र लंबी होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### विदाई के भावुक क्षण

यह रस्म माँ दुर्गा की विदाई का एक भावुक क्षण होता है. महिलाएँ माँ को सिंदूर लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लेती हैं और अपने बच्चों के सुख की कामना करती हैं

### रस्म निभाने का तरीका

सिंदूर अर्पित करना सबसे पहले महिलाएँ माँ दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर चढ़ाती हैं उसके बाद, वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं और दुर्गा मैया की जय के जयकारे लगाती हैं। इस अवसर पर वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देती हैं। बंगाली समाज में विजयादशमी केवल माँ दुर्गा के विसर्जन का दिन नहीं है, बल्कि यह भक्ति, आस्था, भावनाओं और परंपराओं का अनोखा संगम है।

# गाजे-बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

ग्राम पंचायत बेडागुड़ा, परपा, तोकापाल में गुरुवार माँ दुर्गा को विदाई दी गई। बता दें आसपास गाँव के तीन पंडालों में स्थापित मां दुर्गा को पूजन हवन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर गाँव भ्रमण करते हुए बाजे गाजे के साथ नाचते गाते माता दुर्गा की प्रतिमा बेडागुड़ा व परपा की मूर्तियों को आरापुर तालाब में विसर्जित की जाती है तथा तोकापाल के माँ दुर्गा के प्रतिमा को गाँव के कोयर नदी में विसर्जन की जाती है, इस दौरान माता की अंतिम दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सड़कों पर खड़े रहें। आसपास के गाँवों में भी प्रतिमाओ का जोरदार विसर्जन किया गया केशलूर, राजूर, एर्राकोट, आरापुर, दुगनपाल, रायकोट, पाराकोट विसर्जन के दौरान पुलिस बल एवं गाँव के युवा व नागरिक ट्रेफिक कंट्रोल की भूमिका निभाते नजर आये अमला जगह जगह तैनात थे, ग्रामीणों में बड़ी नमः आँखो से माता की अंतिम विदाई दें रहे और अपनी मनोकामना को पूर्ण करने की लालसा से एक टक निहार रहे थे।

## गार्ड प्रभारी ने दिखाई बहादुरी, डूबते 5 साल के बच्चे की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के कार्यालय में तैनात गार्ड प्रभारी फनकुराम नेताम ने एक साहसिक और मानवीय कार्य करते हुए डूबते हुए 5 वर्षीय बच्चे की जान बचाकर एक मिसाल पेश की है। घटना उस समय की है जब कार्यालय परिसर के पास खेल रही दो बच्चियों में से एक बच्ची अनजाने में पानी में गिर गई और डूबने लगी। दूसरी बच्ची ने तत्काल दौड़करगार्ड प्रभारी फनकुराम नेताम को इसकी सूचना दी। ड्यूटी पर तैनात नेताम ने बिना देर किए स्थिति की गंभीरता को समझा और तुरंत मौके की ओर दौड़े। उन्होंने बिना अपनी जान की परवाह किए पानी में छलांग लगाई और डूब रही बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्ची की हालत देखकर उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई है। समय पर मिली सहायता से बच्ची की जान बचाई जा सकी। फनकुराम नेताम की इस तत्परता, साहस और संवेदनशीलता के लिए विधायक विनायक गोयल ने उनकी प्रशंसा की।





## गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत क्रमांक 24 के जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों एवं युवाओं के साथ मिलकर अपने निवास स्थल गुच्छा गुड़ा में साफ-सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रांगण एवं मुख्य मार्ग की साफ-सफाई की गई। बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए झाड़ियां काटी और आसपास की गंदगी हटाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर के साथ लिखेंद्र ठाकुर, विक्रम ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, तुलाराम कश्यप सहित पारा के बच्चे और युवा दल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। गांधी जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा और सभी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## बारसूर में गांधी-शास्त्री जयंती पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर पंचायत बारसूर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के उपरांत नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्षा सुभद्रा नेगी ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बैसुराम मंडावी, पूर्व जिला मंत्री जसवीर नेगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, सीएमओ व इंजीनियर, सोशल मीडिया मंडल संयोजक सुनील नाग, पूर्व पार्षद शिवकुमार नाग, पार्षदगण, बद्रीनाथ पुजारी, हितेश सिंहा, अनंत कश्यप, बुदनी समरथ, विजयश्री पुजारी, गीता बघेल, सुरेंद्र नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों को याद करते हुए स्वच्छता, सादगी और सेवा के मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में सफाई कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज का वास्तविक आधार स्तंभ बताया



## गांधी जयंती पर सीआरपीएफ 195 बटालियन के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गांधी जयंती और विजयादशमी के अवसर पर 195 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने गुरुवार को बारसूर में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। जवानों ने शहीद चौक से भारत माता मंदिर तक श्रमदान कर सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। यह अभियान भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आवाहन पर आयोजित किया गया। कमाण्डेन्ट अनिल कुमार सिंह ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता से न केवल बीमारियों से बचाव संभव है, बल्कि देश विकास के मार्ग पर भी अग्रसर होगा। उन्होंने आम जनता और जवानों की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद्र प्रसाद व विक्रांत वर्मा, डॉ. वागीश त्रिपाठी, एसएचओ संजय कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट संजीव कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, दुकानदार और सीआरपीएफ जवान मौजूद रहे।



## पौने दो साल में 5 लाख पशुधन राज्य से गायब, 2500 की दुर्घटना, भूख से मौत : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में बुधवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस

- कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो रही गाये भूख से, दुर्घटना से मर रही है। भाजपा की सरकार ने गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया, जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण बड़ी संख्या में मवेशिया सड़को पर एक्सीडेंट से लगातार मौत हो रही है। समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है,उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़को पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गई। 200 से अधिक गाय जहरीला पदार्थ आदि खाने से मारी गई।



मोर्य ने पत्रकारों को बताया गोठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे गो वंश जब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गो वंश की तस्करी को बढ़ावा देने शुरू कर दिया। 2023 में लगभग 14 लाख गोवंश का राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय 10800 गोठानों में व्यवस्थापन होता था। उनके चारे पानी की व्यवस्था होती थी। गायो के मौत के मामले में कांग्रेस ने अभी तक 6 कमेटिया बनाई है, उनकी रिपोर्ट और कांग्रेस जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से चर्चा कर जानकारी एकत्रित की वह बहुत ही चौंकाने वाली वाली और दुखद है। दो साल में गांवो और शहरों में पशुओं की संख्या 40 फीसदी तक घट गई है। अर्थात राज्य से पिछले दो सालों में लगभग 5 लाख से अधिक गो वंश गायब हो गए। दुर्घटना से मरने वाली भूख से मरने वाली कुल गायों की संख्या तो लगभग 2 हजार से ढाई हजार तक है। फिर ये लगभग पांच लाख गाय कहा गई? सीधा मतलब है उनकी तस्करी कर यूपी महाराष्ट्र के स्लाटर हाउस पहुंचा दी गई।

इस दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, पार्षद सूर्यापानी,वरिष्ठ कांग्रेसी वेंकट राव,रविशंकर तिवारी, सायमा अशरफ, उस्मान रजा, सलीम जाफर अली,साकेत आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

वीर भगत सिंह प्रभात शाखा गीदम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजय दशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्यारे साहू उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में धनेश्वर दास उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता धनेश्वर दास ने विजयदशमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। संघ के कार्यकर्ताओं के लिए यह दिन संगठन, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना भी वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी और तभी से यह दिवस संघ के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने संघ के कार्य की उपयोगिता और समाज जीवन में इसके महत्व पर भी विस्तृत विचार रखे। मुख्य अतिथि प्यारे साहू ने संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ समाज में संगठन, सेवा और राष्ट्र निर्माण का सशक्त कार्य कर रहा है। विजय दशमी जैसे पावन पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और विजयादशमी पर्व का उत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चारभाठा में संगीतमय रामधुनी सम्मेलन आज

**सरोना।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम चारभाठा, ग्राम पंचायत डोमपदर में एक दिवसीय संगीतमय भव्य रामधुनी सम्मेलन का आयोजन आज 03 अक्टूबर शुक्रवार प्रातः 09 बजे से शाला भवन प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच देवलाल वटी, वहीं विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर उपस्थित से रहेगें। ग्राम चारभाठा व आस-पास के ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह सम्मेलन न केवल भक्ति और अध्यात्म का संगम है बल्कि सामाजिक समरसता और संस्कारों को भी मजबूत करता है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और अल्पाहार की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

### भूरसातरहुल में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**दुर्गुकोंदल।** भूरसा तरहुल में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा पाँच दिवस टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज 3 अक्टूबर से किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 16001रूपए, द्वितीय पुरुस्कार 8001 रूपए, तृतीय पुरस्कार 4001 रूपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 2501रूपए दिया जाएगा।

### 29 पौवा शराब जब्त पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से 1 अक्टूबर को देर शाम जानकारी मिली कि बरदेभाठा कांकेर मेन रोड के किनारे पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से धन लाभ कमाने के लिए शराब रखकर लोगों को बिक्री कर रहा है। मौके की तस्दीक कर छापा मारते हुए आरोपी लोकेश कुमार यादव पिता पियाराम यादव उम्र 22 वर्ष निवासी छोटे राजपुर थाना विश्रामपुरी जिला कोंडागांव वर्तमान निवास अलबेलापारा कांकेर को दबोचा और जाँच में उसके कब्जे में एक सफेद रंग की थैला में रखा 20 नग पौव्वा सीजी फाईन स्पेशल विहस्की शराब तथा शराब बिकी रकम मिला। आरोपी का कृत्य धारा 34 (1) (ख) आबकारी अधि. का पाए जाने पर कार्यवाही किया गया।

### एनएच कार्यालय परिसर में किया सर्पगंधा का पौधरोपण



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर कार्यालय परिसर में एसडीओ एके कुंजाम ने सर्पगंधा के 4 पौधों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि सर्पगंधा के पौधों से सर्प नहीं आते हैं, इसलिए इस पौधों का रोपण किया गया है।

#### निधन

### कमल सिंह कोर्राम



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम भुसकी निवासी कमलसिंह कोर्राम का 1 अक्टूबर को लंबी अस्वस्थता के बाद निधन हो गया। वे सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक ग्राम पटेल भैसमडी, पूर्व दुर्गूकोदल परिवहन संघ अध्यक्ष थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दुर्गूकोंदल में मां दुर्गा की निकाली गई भव्य शोभायात्रा, किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

नवजोत मां दुर्गाउत्सव समिति दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र पर्व का 30वां वर्ष धूमधाम और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। 9 दिनों तक दुर्गा धाम में धार्मिकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी रही। प्रत्येक दिन रामधुनी, मानस गान, जगराता, गरबा एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजन हुए। समिति द्वारा हवन, पूजन और भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें दानदाताओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। दसवें दिन मां दुर्गा का विसर्जन धूमधाम से संपन्न हुआ। दुर्गा मंच से निकलकर बस स्टैंड, खुटगांव, थानापारा, बीएसएफ कैंप, आवासपारा और उपरपारा होते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के पश्चात ऊपरपारा स्थित तालाब में पंडित लक्की द्विवेदी द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना कर माता का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी और अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ तालाब किनारे अंतिम विदाई दी। विसर्जन यात्रा के दौरान लेडीज ग्रुप, व्यापारी संघ, ग्रामवासी, सरपंच, वार्ड पंच एवं गायता-पटेल की सक्रिय उपस्थिति उल्लेखनीय रही। पूरे आयोजन के दौरान दुर्गुकोंदल का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। इस अवसर को क्षेत्रीय स्तर पर एकता, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक माना गया।

### कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का लगा तांता



### ये रहे उपस्थित

विसर्जन में सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, दीपक जैन, नरेंद्र जैन, रंजना दुग्गा, गेंदलाल लावते, शंकर नागवंशी, मुन्ना सिंहा, सोमल जैन, महत्तम दुग्गा, दिनेश कुमार ठगेल, विनोद कुमार पारख, प्रणय पारख, शालिक शांडिल्य, शांतिलाल जैन, ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, ग्राम गायता मानूराम दुग्गा, महेंद्र नेताम, कृष्णकुमार दुग्गा, मागियाराम यादव, कृष्णा नागवंशी, सियाराम ताम्रकार, जगन्नाथ कोमरा, रामूराम दुग्गा, शैलेंद्र उसेंडी, जैतादुग्गा, अमन सिंह, जोहन जैन, धर्नेद्र साहू, सेवालाल तिवारी, भोकूलू, श्याम प्रसाद दुबे, सौहादा, नीरज कुमार सोनी, पीयूष सिंहा, अनुज कुमार सहित ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : नक्सलियों पर यूएपीए के तहत प्रकरण कायम किया गया है

# तिरियारपानी मुठभेड़ में अंधाधुंध फायरिंग मामले में चार नक्सलियों पर नामजद एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तिरियारपानी मुठभेड़ में अंधाधुंध फायरिंग करने वाले नक्सलियों के खिलाफ में कांकेर थाना में डीआरजी डेल्टा 04 के सहायक उपनिरीक्षक ने कांकेर थाना को घटना की जानकारी दिया और उसी के तहत नामजद नक्सलियों माड़ डिविजन/नगरी एरिया कमेटी डीव्हीसी ज्योति उर्फ जैनी, सीतानदी एलओएस कमांडर रोनी उर्फ उमा, रेशमा, रीना एवं डीव्हीसी रामदास एवं अन्य प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सदस्यो के विरूद्व यूएपीए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

डीआरजी डेल्टा 04 ने कांकेर थाना को बताई शिकायत के तहत छिंदखड़क से लगभग 03 किमी. की दूरी पर तिरियारपारी से लगी हुई पहाड़ी में सर्च कर रहे थे। पूर्व से घात लगाकर बैठे हुए भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सदस्यों के द्वारा हमारी पुलिस पार्टी को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से स्वाचलित हथियारो से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे, पुलिस पार्टी के पास अन्य कोई विकल्प नहीं होने से जवानो की जान की सुरक्षा की आवश्यकता अनुसार आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग किया गया। माओवादी, पुलिस पार्टी को अपने ऊपर भारी पड़ता देखकर जंगल पहाड़ का सहारा लेकर भाग गए ।



कार्रवाई : बासपत्तर, बासनवाही, तिरियारपानी, छिंदखड़क, रावस, ठेमा में घेरने की तैयारी

सीतानदी एरिया कमेटी की बचीं 4 नक्सलियों की जान खतरे में, 3 जिलों के पुलिस का दबाव

तिरियारपानी ईलाके में नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी मिलने पर प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल और निरीक्षक लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी पखांजूर के नेतृत्व में कांकेर टीम 01, कांकेर टीम 02, कांकेर टीम 03, कांकेर टीम 04, कांकेर टीम 05, कांकेर टीम 06, कांकेर टीम 07, कांकेर टीम 08, कांकेर टीम 09 और कांकेर टीम 10 बनाई गई। इस टीम का एक प्रभारी बनाया गया।

आपरेशन प्रभारी एएसपी प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल और निरीक्षक लक्ष्मण केवट ने पूरे बल को ब्रीफ कर ऑपरेशन प्लान समझाया गया एवं बताया गया कि थाना कांकेर के ग्राम तिरियानपानी एवं छिंदखड़क उसके आसपास के क्षेत्र में सशस्त्र वर्दीधारी प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नगरी एरिया कमेटी एवं माड़ डिविजन प्रभारी, डीव्हीसी ज्योति उर्फ जैनी, रेशमा, रीना, राजेश उर्फ राकेश हेमला एवं अन्य 10-15 की संख्या में सशस्त्र नक्सली है । 10 टीम बनाकर 03 पृथक पृथक स्थानों से तिरयारपानी, बासनवाही, बांगाबारी से ऑपरेशन प्लान के तहत टीम को 17 की रात में निकाला गया और 28 सितंबर की सुबह साढ़े 7 बजे खल्लारी की ओर आगे बढ़ रहे थे कि छिंदखड़क से लगभग 03 किमी. पूर्व दिशा में पुलिस की उपस्थिति को देखते हुए नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी कांकेर टीम 03 एवं 04 के ऊपर पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग किया।

### डेल्टा 04 के प्रभारी ने नक्सलिययों को पहचाना

डेल्टा 04 के प्रभारी ने बताया कि हमारी टीम से लगभग 15-20 मीटर दूरी पर पेड़ एवं चट्टानों की आड़ से नक्सली लगातार फायरिंग कर रहे थे तभी मैने देखा कि उन नक्सलियों में राजेश उर्फ राकेश हेमला, सरवन मड़कम, बसंती कुंजाम, ज्योति ,रीना एवं रामदास भी थे उन्हें मैं कांकेर के नक्सल सेल की प्रोफाईल में उनके फोटो को मैं देखा हूं और नक्सल प्रोफाईल के अनुसार पहचाना नक्सलियों के द्वारा लगातार फायरिंग हो रही थी, लगभग 500 से 600 राउंड उनके द्वारा फायर किया गया। पुलिस पार्टी ने आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग किया गया। माओवादी, पुलिस पार्टी को अपने ऊपर भारी पड़ता देखकर जंगल पहाड़ का सहारा लेते हुए एक दूसरे का नाम सरवन, राजेश, बसंती, ज्योति, रेशमा, रोहनी उर्फ उमा, रीना, रामदास भागो और भागते समय चिल्लाते हुए माओवाद जिन्दाबाद, लाल सलाम जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए भागने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा लगातार उन पर फायरिंग किया गया। डेल्टा 04 के प्रभारी की शिकायत पर कांकेर थाना में डीव्हीसी ज्योति उर्फ जैनी, रोनी उर्फ उमा, गीता हेमला, रेशमा, रामदास एवं अन्य पर धारा 191(2), 191(3), 190, 109 बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट, 13, 38(2), 39(2) यूएपीए एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### विवाद के बाद पड़ोसी को जान से मारने की कोशिश, मामला दर्ज

**कांकेर।** नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 07 में आरोपी पड़ोसी ने पड़ोस में रहने वाले परिजन को गाली देते हुए ईट से मारकर हमला बोल दिया और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँची वार्ड क्रमांक 07 बाजारपारा चारामा की निवासी पीमिन निवासी ने पुलिस को बताया कि मैं आंगनबाडी में सहायिका के पद पर कार्यरत हूँ। मैं 1 अक्टूबर की रात को लगभग साढ़े 8 बजे घर के बाहर के दरवाजा को बंद कर रही थी, कि उसी समय मेरे पड़ोस में रहने वाला आशाराम सोनकर मेरे घर के सामने आम रास्ता गली में आकर जबरदस्ती मेरे घर के दरवाजे को खोलकर डण्डा लेकर मेरे घर के पास में खडे होकर गाली देते हुए कहा कि अपने पति को घर से बाहर निकालो, मैने गाली देने से मना करने पर कहने लगा कि तुझे जान से मार दूंगा कहकर मेरे पति विजय यादव के सामने ही घर के पास रखे ईट को उठाकर मुझे मारने के लिए दौड़ा, तब मेरे पति विजय यादव के द्वारा बीच बचाव करने पर उन्हे ईट से मारा जिसे मेरे पति को चोट आया है। हमारे घर के सामने पड़ोसी आशाराम के द्वारा लडाई झगडा गाली गलौज की तेज अवाज सुनकर आसपडोस के लोग इक्ठा हो गए, जिसमे से कन्हैया लाल यादव, नरेन्द्र यादव आकर बीच बचाव किए, यदि यह लोग बीच बचाव नही करते तो आशाराम मुझे व मेरे पति को अवश्य ही जान से मार देता। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# पखांजूर में दो अफसरों के मकान से लाखों के गहने और नकदी पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

पखांजूर के नगरीय क्षेत्र में बीती रात 8 बजे से 10 बजे के बीच दो घरों में एक साथ चोरी होने से इलाके में डर का माहौल है। चोरों ने प्रवीर गुहा और शुभंकर मालाकार के घर को निशाना बनाया, दोनों ही शासकीय कर्मचारी है, जिनके घरों से लाखों रुपये के सोने के गहने और नगद राशि चोरी होने की खबर है। जानकारी के अनुसार चोरी उस समय हुई जब दोनों घरों के सदस्य दुर्गा पूजा देखने के लिए गए हुए थे। इस मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया7 खबर मिलते ही पखांजूर पुलिस विभाग मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस ने चोरी हुए सामान का सटीक मूल्यांकन करने के लिए दोनों पीड़ित व्यक्तियों प्रवीर गुहा और शुभंकर मालाकार से चोरी हुए गहनों और नगद राशि की अनुमानित लिस्ट मांगी है। एक साथ दो घरों में चोरी होने की इस बड़ी घटना के बाद नगर पंचायत पखांजूर के निवासियों में काफी दहशत है। लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और चोरों का पता लगाने के लिए संभावित सुरागों को खंगाल रही है।

पीड़ित परिजनों के द्वारा अभी तक लिखित में चोरी हुए सामान की जानकारी नहीं दिए जाने के कारण अपराध दर्ज नहीं हो सका है, परंतु पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेते हुए जाँच शुरू कर दिया है।

# छापरपारा में धूमधाम से किया प्रतिमा का विसर्जन, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



छापरपारा में माँ दुर्गा का विसर्जन अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। नौ दिनों तक चले कुवार नवरात्रि उत्सव के उपरांत विजयादशमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भारी उत्साह और श्रद्धा के साथ माँ दुर्गा ने प्रतिमाओं का विसर्जन किया। भक्तों की आंखों में माँ से बिछड़ने की टीस भी साफ नजर आई, लेकिन साथ ही अगले वर्ष फिर भव्य स्वागत की कामनाएं भी की गईं। नवरात्रि उत्सव के उपरांत सुबह से ही विसर्जन यात्रा की तैयारियाँ शुरू हो गई थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की झांकियों को सुसज्जित किया, बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने जय माता दी, अगले बरस तू जल्दी आ जैसे जयकारों के साथ माँ को भावभीनी विदाई दी। विसर्जन यात्रा में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भागीदारी देखने लायक रही। महिलाएं सिर पर कलश रखकर नृत्य करती हुई चल रही थीं, वहीं बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्सव में चार चांद लगाए। इस अवसर पर ग्रामीण और युवा मंडल ने मिलकर पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को विशेष रूप से सजाए गए पिकप वाहन पर रखकर गांव का भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के रास्ते में घर घर पूजा अर्चना की गई। शिव तालाब पर पहुँचकर पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### हाटकोंदल में यादव समाज ने हर्षोल्लास से मनाई नवाखाई



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम हाटकोंदल में यादव समाज ने 2 अक्टूबर को नवाखाई पर्व पूरे उत्साह और विधि-विधान के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने ईष्ट देव को नया चावल अर्पित कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यह पर्व समाज को एकजुट रखने और नई फसल का सम्मान करने का संदेश देता है। समाज के लोगों ने अपने घरों में दीपक जलाए और कोरिया के पत्ते में नया चावल, फूल, नारियल अर्पित कर पूजा की।सबसे पहले परिवार के मुखिया ने ईष्ट देव की पूजा की। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने बारी-बारी से पूजा में भाग लिया। महिलाओं ने परिवार के सभी सदस्यों का तिलक लगाकर आरती की और नया चावल से बने चिवड़ा को प्रसाद के रूप में वितरित किया। यादव समाज में यह परंपरा है कि नवाखाई पूजा परिवार के मुखिया के घर पर ही की जाती है, चाहे परिवार में बंटवारा हो चुका हो। यह परंपरा परिवार में समन्वय और एकता बनाए रखने का प्रतीक मानी जाती है।

# श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में ज्योत कलशों का किया विसर्जन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में नवरात्रि पर्व के अवसर पर इस वर्ष भी परंपरानुसार सार्वजनिक एवं निजी ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। ग्राम के शीतला मंदिर परिसर में नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, माता सेवा और जस-गीत का आयोजन किया गया। नवरात्रि के समापन पर नौवें दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में ज्योत का विधिविधान से विसर्जन किया। नौ दिनों तक शीतला मंदिर में सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस दौरान कुछ हम भक्तों को विसर्जन के समय देवी भी आया था इस अवसर पर महिलाएं एवं पुरुष भक्ति भाव से मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे। जस गीत और भजन संध्या से मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। विसर्जन अवसर पर ग्राम के गायता एवं पटेलों ने गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासी एकजुट होकर मां शीतला मंदिर परिसर में उपस्थित रहे और पारंपरिक विधि से नवरात्रि पर्व का समापन किया। ग्राम सिवनी में नवरात्रि पर्व हर वर्ष सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो गांव की आस्था और एकता का प्रतीक है। इस दौरान ग्राम के गायता दीनदयाल मडावी, पटेल रामूराम मडावी, राजेंद्र मंडावी बिहारीलाल सिंहा, मुकेश बघेल, संतोष यादव, सरपंच उमेश्वरी मडावी, मानसराम मडावी, चुमनलाल सिंहा, रेखलाल विश्वकर्मा, परदेसीराम मडावी, चंद्रिका मडावी,पवन मंडावी, सोनू राम उयका, परदेसी राम नेवरा शिवकुमार अमले, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


समाज के 13वें स्थापना दिवस पर शानदार आयोजन

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का स्थापना दिवस 17 को, सीएम होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सर्व पिछड़ा वर्ग समाज छत्तीसगढ़ अपने स्थापना के 13 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी 17 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर हाई स्कूल ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 18 अक्टूबर को मनाया जाता है, किंतु इस वर्ष धनतेरस के त्यौहार के कारण आयोजन एक दिन पूर्व किया जा रहा है। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा समाज की प्रगति के लिए 50 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित सामाजिक भवन का भूमिपूजन भी इसी अवसर पर किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने हाल ही में मुख्यमंत्री निवास पर जाकर आमंत्रण दिया और संगठन की मांगों व उपलब्धियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सरलता और गंभीरता से समाज की बातें सुनीं तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने की स्वीकृति दी। समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, डडसेना कलार समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, संभागीय उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जिला अध्यक्ष मटेश्वर जैन, भाजपा महामंत्री दिलीप जायसवाल, संरक्षक मनीष योगी, हरेश चक्रधारी, संगठन मंत्री वेद प्रकाश सिंह, हुकुम साहू सहित कई पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हैं। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने समाज के सभी वर्गों से स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूती देने और एकजुटता का संदेश फैलाने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411